दिनांकः 08.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

देश की प्रथम पंक्ति के रक्षा बल बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज जोधपुर में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। जोधपुर फ्रंटियर मुख्यालय पर पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिरकत की। इस अवसर पर गृहमंत्री ने जवानों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उनका मनोबल बढाया। उन्होंने बीएसएफ की उपलब्धियों और पराक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीएसएफ के कारण देश की सीमा सुरक्षित है। बल के जवानों की मुस्तैदी देश की मजबूती को दर्शाती है। गृहमंत्री ने देश की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

...............

इससे पहले गृहमंत्री ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किये और देश के नाम सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर जवानों को नमन किया। गृहमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। श्री शाह ने उत्कृष्ट सेवा के लिए कई जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने बीएसएफ के लक्ष्यों और कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न राज्यों के बीएसएफ बलों की ओर से आकर्षक झांकियां निकाली गईं। हैलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई पास्ट भी आकर्षण का केन्द्र रहा। समारोह में केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और बल के मौजूदा और पूर्व अधिकारियों के साथ देशभर के विभिन्न राज्यों के फ्रंटियर मुख्यालयों से आठ सौ से ज्यादा जवान शामिल हुए।
गौरतलब है कि 1 दिसम्बर 1965 को गठित सीमा सुरक्षा बल दुनिया का सबसे बड़ा सीमा रक्षा बल है। इसमें 2 लाख 70 हजार से अधिक जवान देश की सरहद की रक्षा के लिए तैनात हैं।

..................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री, कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य के विकास एजेंडे और पांच साल के भीतर अर्थव्यवस्था को दोगुना करके 350 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को रेखांकित करेंगे। सम्मेलन में 32 देश भाग ले रहे हैं, जिनमें 17 भागीदार देश होंगे। सम्मेलन से पहले ही प्रदेशभर में विभिन्न क्षेत्रों में 30 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। इस बीच, समिट में शामिल होने के लिए उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों और देशी–विदेशी प्रतिनिधि मंडलों का जयपुर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

..................

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज जयपुर के सामोद में कांग्रेस पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो रहे हैं। सुबह जयपुर हवाई अड्डे पहुंचने पर श्री गांधी का पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

..................

उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज 5 साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक दी जा रही है। अभियान के तहत प्रदेश के 39 जिलों में करीब साढे 87 लाख बच्चों को दवा देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए लगभग 47 हजार पोलियो बूथ बनाए गये हैं। अभियान के पहले दिन दवा लेने से वंचित बच्चों को अगले 2 दिन तक घर–घर जाकर ये दवा पिलाई जाएगी। अभियान के लिए राज्यभर में 60 हजार स्वास्थ्य दल लगाये गये हैं।

.................

पाली जिले के देसूरी की नाल में आज एक स्कूल बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चार विद्यार्थियों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में छह से अधिक बच्चे घायल हो गये। पुलिस के अनुसार आमेट के राछेटी ग्राम पंचायत के मानकदेह स्कूल के विद्यार्थी आज पिकनिक मनाने परशुराम महादेव जा रहे थे। घायलों को देसूरी के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

......................

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार बीती रात सबसे कम 4 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान माउंट आबू में दर्ज किया गया। वहीं मैदानी इलाकों में चूरू सबसे ठंडा शहर रहा। वहां न्यूनतम तापमान 7 दशमलव 3 रिकॉर्ड किया गया। शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में सुबह शाम सर्द हवाओं के साथ पड़ रही ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

......................